# BSNL EMPLOYEES UNION

**Recognised Union in BSNL**

(Registered Under Indian Trade Union Act 1926. Regn.No.4896)

CHQ:Dada Ghosh Bhawan, Opp. Shadipur Bus Depot., New Delhi – 110008

Email: bsnleuchq@gmail.com, website: bsnleuchq.com

P. Abhimanyu
General Secretary

Phone: (O) 011-25705385
Fax : 011- 25894862


बी एसएनएलईयू/102 (सर्कुलर संख्या 15) 22 सितंबर 2016

सेवा में
सभी सर्किल सचिव,
सीएचक्यू पदाधिकारी और जिला सचिव

## 8वीं अखिल भारतीय कान्फ्रेंस चेन्नै में 31-12-2016 से 03-01-2017 को होगी

प्रिय कामरेडो,

सीएचक्यू ने अपने वेबसाइट के माध्यम से पहले ही सूचित कर दिया है कि बीएसएनएलईयू की 8वीं अखिल भारतीय कान्फ्रेंस 31-12-2016 से 03-01-2017 को चेन्नै में होगी। अखिल भारतीय कान्फ्रेंस की स्वागत समिति कान्फ्रेंस को यादगार बनाने के लिए सभी संभव कदम उठा रही है। साथ ही इस मामले में सर्किल और जिला यूनियनों का सहयोग बहुत आवश्यक है ताकि स्वागत समिति कान्फ्रेंस के लिए आरामदायक व्यवस्था कर सके। अखिल भारतीय केंद्र इस संबंध में पहले ही तैयारियां शुरू कर चुका है। अखिल भारतीय केंद्र की 06-09-2016 को हुई मीटिंग में निम्नलिखित निर्णय लिए गए हैं :

### अखिल भारतीय केंद्र के फैसले

(क) पिछली अखिल भारतीय कान्फ्रेंस के समय डेलीगेटों के प्रवेश में हुई समस्याओं के आधार पर यह फैसला लिया गया है कि डेलीगेटों और ओब्जरवरों का पंजीकरण 30-12-2016 की शाम तक ही पूरा कर लेना है। इसलिए सभी डेटीगेटों और ओब्जरवरों से अनुरोध है कि वे कान्फ्रेंस से एक दिन पहले यानी 30-12-2016 को ही चेन्नै पहुंच जाएं और पंजीकरण पूरा कराएं। कान्फ्रेंस आरंभ होने के बाद डेलीगेटों और ओब्जरवरों का पंजीकरण किसी भी प्रकार नहीं किया जाएगा। सभी सर्किल और जिला सचिवों से अपना सहयोग प्रदान करने का अनुरोध है, ताकि सीएचक्यू और स्वागत समिति बिना व्यवधान के व्यवस्थित तरीके से एआईसी का संचालन कर सकें। सीएचक्यू ने स्वागत समिति से अनुरोध किया है कि वह 30-12-2016 से ही डेलीगेटों और ओब्जरवरों को आवास उपलब्ध कराए। स्वागत समिति ने इसे स्वीकार कर लिया है और 30-12-2016 को डेलीगेटों और ओब्जरवरों को डिनर प्रदान करने की भी सहमति दी है। सभी डेलीगेटों और ओब्जरवरों से इसी के अनुरूप अपनी यात्रा के लिए टिकट बुक करवाने का अनुरोध है।

(ख) डेलीगेटों का प्रवेश : यह एआईसी वित्त वर्ष 2014 और 2015 के दौरान सीएचक्यू द्वारा प्राप्त कोटा के आधार पर आयोजित की जा रही है। प्रत्येक जिला यूनियन के लिए मान्य डेलीगेटों की संख्या संलग्न सूची में दी गई है। किंतु, अखिल भारतीय केंद्र ने यह देखा है कि कुछ सर्किलों ने या तो वर्ष 2015 के लिए और वर्ष 2016 के लिए भी सीएचक्यू को कोटा नहीं भेजा है या फिर कम राशि भेजी है। ऐसे उन सर्किलों और जिलों के डेलीगेटों की पात्रता की घोषणा सिर्फ 2015 और 2016 के पूरे कोटा की प्राप्ति के बाद ही की जाएगी। सीएचक्यू पहले ही उन सर्किल सचिवों को पत्र-लिख चुका है। उनसे इस मामले में फौरन कार्रवाई करने और सीएचक्यू को उत्तर भेजने का अनुरोध है।

स्वागत, समिति के जोरदार अनुरोध के आधार पर अखिल भारतीय केंद्र ने तय किया कि सिर्फ सीएचक्यू द्वारा आवंटित डेलीगेटों और ओब्जरवरों को ही कान्फ्रेंस के डेलीगेट सत्र में प्रवेश दिया जायेगा। इसके अलावा दूसरे दिन यानी 1 जनवरी 2017 से आगे कान्फ्रेंस हाल में किसी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। किंतु, कुछ सर्किलों के अनुरोध पर विचार करते हुए कुछ अतिरिक्त कामरेडों को पहले दिन की कार्यवाहियों यानी उद्घाटन सत्र और खुले सत्र में इजाजत दी जाएगी। किंतु पहले दिन कितने अतिरिक्त कामरेडों को इजाजत दी जाएगी यह कान्फ्रेंस हाल की क्षमता पर निर्भर है। सभी सर्किल और जिला सचिवों से अपना सहयोग प्रदान करने का अनुरोध है।

### 2 सितंबर आम हड़ताल

बीएसएनएल में 2 सितंबर को एक सफल हड़ताल हुई है। पिछली आम हड़तालों के विपरीत इस बार हड़ताल को सफल बनाने के लिए बीएसएनएलईयू ने सर्किल स्तरीय कन्वेंशनों का आयोजन किया। इन कन्वेंशनों के लिए प्रत्येक जिले से डेलीगेटों को लामबंद

किया गया था। बीएसएनएलईयू के सीएचक्यू पदाधिकारियों ने उन्हें संबोधित किया। एक या दो सर्किलों को छोड़कर सभी सर्किलों में कर्मचारियों को व्यापक लामबंदी के साथ इन कन्वेंशनों को आयोजत किया गया। अधिकांश सर्किल और जिला यूनियनों ने इन कन्वेंशनों की सफलता के लिए अपना पूरा सहयोग प्रदान किया। इन कन्वेंशनों में मांगपत्र और मोदी सरकार की कार्पोरेट समर्थक तथा मजदूर विरोधी नीतियों के बारे में विस्तार से समझाया गया। बीएसएनएलईयू द्वारा महीने भर चलाए गए जमीनी स्तर के अभियान ने इस बार आम हड़ताल को काफी सफल बनाया। सीएचक्यू उन सभी नेताओं और कामरेडों को क्रांतिकारी शुभकामनाएं देती हैं जिन्होंने इस हड़ताल के लिए कड़ी मेहनत की और उसे सफल बनाया। साथ ही अपनी लामबंदी की मजबूतियों और कमजोरियों का मूल्यांकन करने के लिए सर्किल सचिवों से अनुरोध है कि मैं हड़ताल में कर्मचारियों की भागीदारी के बारे में संलग्न प्रोफोर्मा में सीएचक्यू को अपना फीडबैक प्रदान करें। इस फीडबैक से हमें भविष्य में हड़तालों को और कारगर तरीके से आयोजित करने में मदद मिलेगी।

## संयुक्त मोर्चे के आंदोलन कार्यक्रम

बीएसएनएलईयू की 18 से 20 जुलाई 2016 को नई दिल्ली में हुई केंद्रीय कार्यकारिणी कमेटी मीटिंग में लिए गए फैसले और संयुक्त मोर्चे के फैसले के अनुरूप 24 सूत्री मांगपत्र के हल की मांग करते हुए कार्पोरेट ऑफिस, सर्किलों और जिलों में बहुत ही सफलतापूर्वक और जोरदार तरीके से निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गए।

17-08-2016 --बैज पहनना और प्रदर्शन

08-09-2016 --धरना

20-09-2016-- भूख हड़ताल

सीएचक्यू द्वारा प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार सभी सर्किल और जिला यूनियनों ने उपर्युक्त कार्यक्रम को सफलतापूर्वक चलाने के लिए गंभीर प्रयत्न किए हैं। प्रबंधन की ओर से रेस्पांस के आधार पर संयुक्त मोर्चा द्वारा आंदोलन का भावी कार्यक्रम तय किया जाएगा।

## पीएलआई

सीएचयूक्यू ने पीएलआई का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए गंभीर प्रयत्न किए हैं। प्रबंधन ने 7वें सदस्यता सत्यापन के महीनों बाद भी पीएलआई कमेटी की मीटिंग नहीं बुलाई थी। बीएसएनएलईयू ने इस मीटिंग के आयोजन के लिए निदेशक (एचआर) पर लगातार दबाव डाला। इसके फलस्वरूप पीएलआई कमेटी की पहली मीटिंग 24-08-2016 को आयोजित की गई। इस मीटिंग में प्रबंधन ने वर्ष 2014-15 के लिए पीएलआई के रूप में 1,100 रुपये अदा करने का प्रस्ताव रखा। किंतु स्टाफ पक्ष ने इस राशि को ठुकरा दिया। स्टाफ पक्ष सदस्यों ने 7000 रुपये के न्यूनतम पीएलआई पर जोर दिया। इस मीटिंग में कोई समझौता नहीं हुआ। इसलिए जीएस, बीएसएनएलईयू और जीएस, एनएफटीई, पीएलआई कमेटी के दो स्टाफ पक्ष सदस्यों ने 01-09-2016 को सीएसडी, बीएसएनएल से मुलाकात की और पूजा से पहले पीएलआई मुद्दे को हल करने के लिए हस्तक्षेप की मांग की। इस पृष्ठभूमि में पीएलआई कमेटी की दूसरी मीटिंग 05-09-2016 को हुई। अंत में, सीएमडी, बीएसएनएल ने वित्त वर्ष 2014-15 के लिए पीएलआई के रूप में 3000रुपये की स्वीकृति दी। अब यह प्रबंधन कमेटी की स्वीकृति के लिए जाएगी जो अगले सप्ताह होगी। जीएस, बीएसएनएलईयू और जीएस, एनएफटीई, पीएलआई कमेटी के दो स्टाफ पक्ष सदस्यों ने 08-09-2016 को पुनः सीएमडी, बीएसएनएल से मुलाकात की और मांग की है कि 2014-15 के लिए पीएलआई पूजा से पहले अदा किया जाए जिसके लिए सीएमडी, बीएसएनएल ने सकारात्मक उत्तर दिया। जहां तक नए पीएलआई फार्मूला का संबंध है प्रबंधन पक्ष ने प्रस्ताव रखा है कि कंपनी का बढ़ा हुआ राजस्व ही पैमाना होगा। किंतु स्टाफ पक्ष ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया और मांग की है कि दूसरे पैमानों जैसे मोबाईल, ब्रोडबैंड, लैंडलाइन कनेक्शनों, आदि में वृद्धि को नया पीएलआई फार्मूला बनाने के लिए पैमानों में शामिल किया जाए। इस संबंध में आगे और चर्चा होगी। यह नोट करना महत्वपूर्ण है कि बीएसएनएलईयू और एनएफटीई ने पीएलआई मुद्दे को हल करने के लिए संयुक्त अप्रोच अपनाई है।

**रिलाएंस जीओ के प्रवेश से चुनौतियां**

मुकेश अंबानी की रिलाएंस जीओ के प्रवेश ने बीएसएनएल के सामने चुनौती पेश की है। रिलाएंस जीओ ने अपने बड़े 4 जी नेटवर्क को चालू करने के लिए 1,50,000 करोड़ रुपये निवेश किए हैं। यह कहना महत्वपूर्ण है कि रिलाएंस का यह निवेश पिछले 16 सालों में बीएसएनएल द्वारा किए गए कुल निवेश से बड़ा है। रिलाएंस जीओ ने दूसरी कंपनियों जिनमें बीएसएनएल भी शामिल है के उपभोक्ताओं को अपनी ओर खींचने के लिए अनेक आकर्षक प्रमोशनल ऑफर दिए हैं। रिलाएंस जीओ से चुनौतियों का सामना करने के लिए बीएसएनएल ने भी कई आकर्षक स्कीमों की घोषणा की है जैसे 249 रुपये के लिए असीमित डाटा और प्लान बीबीजी 1199 जिसके तहत उपभोक्ता असीमित काल कर सकते हैं और 2एमबी स्पीड पर असीमित डाउनलोड कर सकते हैं। यह बहुत ही महत्वपूर्ण है कि बीएसएनएल की ये स्कीमें जनता के बीच प्रचारित की जाएं। बीएसएनएल कर्मचारियों को इस काम को करने के लिए पूरे प्रयत्न करने पड़ेंगे। इसके साथ बीएसएनएल के अस्तित्व और पुनरुत्थान के लिए बीएसएनएल सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना भी बहुत आवश्यक है। फोरम के बैनर तले बीएसएनएलईयू ने बीएसएनएलई की मार्केटिंग और सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए तमाम नॉन-एक्जीक्यूटिवों और एक्जीक्यूटिवों को लामबंद करने और प्रेरित करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जिसके फलस्वरूप कंपनी की वित्तीय स्थिति में काफी सुधार आया है। आज, बीएसएनएल वह कंपनी है जो हर महीने सबसे अधिक मोबाइल कनेक्शन प्रदान कर रही है। सीएचक्यू जिला और ब्रांच सचिवों का आह्वान करता है कि वे बीएसएनएल के उत्पादों की मार्केटिंग और सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए विशेष ध्यान दें ताकि बीएसएनएल के पुनरुत्थान की प्रक्रिया को और तेजी से आगे बढ़ाया जा सके।

सधन्यवाद

आपका

(पी अभिमन्यु)
जनरल सेक्रेट्री